# जानकी प्रसाद चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक दिनांक 28.05.2022 का कार्यवृत्त

दिनांक 23.05.2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 28.05.2022 को जानकी प्रसाद चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट, ग्राम-कटौधा, पोस्ट-भरवलिया, तहसील व जिला-बस्ती के न्यासी परिषद की बैठक अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जानकी प्रसाद चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट के बैठक कक्ष में प्रातः 10.30 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

एजेण्डाः-

1- न्यासी परिषद की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2- पूर्व में प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3- अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

| क्रमांक | नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1- | श्री शैलेश कुमार चौधरी | अध्यक्ष | Shailesh |
| 2- | श्री धर्मेन्द्र प्रसाद चौधरी | सचिव न्यासी | D P Chaudhary |
| 3- | श्रीमती स्नेह लता चौधरी | कोषाध्यक्ष न्यासी | स्नेह लता |
| 4- | श्रीमती मनीषा चौधरी | न्यासी | Manisha Chaudhary |
| 5- | श्री शैलेन्द्र कुमार चौधरी | न्यासी | अनुपस्थित |
| 6- | श्रीमती प्रस्तुतियंका | न्यासी | प्रस्तुतियंका |
| 7- | श्री राम अनुराग वर्मा | न्यासी | [signature] |

गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुईः-

<u>प्रस्ताव-1-</u> न्यासी परिषद की पिछली बैठक कार्यवाही सचिव न्यासी श्री धर्मेन्द्र प्रसाद चौधरी ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

<u>प्रस्ताव-2-</u> श्री शैलेश कुमार चौधरी, न्यासी ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिसके क्रम में ट्रस्ट द्वारा हाईकोर्ट में रिट भी दाखिल की गयी है। अतः ट्रस्ट द्वारा ग्राम व पोस्ट-गनेशपुर, तहसील व जिला-बस्ती में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

<u>अनुमोदन-</u> उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम व पोस्ट-गनेशपुर, तहसील व जिला-बस्ती में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार चौधरी को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे-भूमि, भवन, फर्नीचर, बेतन, आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार चौधरी को अधिकृत किया गया।

<u>प्रस्ताव-3-</u> श्री धर्मेन्द्र प्रसाद चौधरी, सचिव न्यासी ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'प्रेम कुमारी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज' (Prem Kumari College of Medical Sciences) नाम प्रस्तावित किया।

Shailesh

**अनुमोदन-** उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम 'प्रेम कुमारी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज' (Prem Kumari College of Medical Sciences) रखने का समर्थन किया।

**प्रस्ताव-4-** श्रीमती स्नेहलता चौधरी, कोषाध्यक्ष न्यासी ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम व पोस्ट-गनेशपुर, तहसील व जिला-बस्ती में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा सं.-2589मि. रकबा-0.903 हेक्टेयर (2.2318 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

**अनुमोदन-** उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम व पोस्ट-गनेशपुर, तहसील व जिला-बस्ती में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा सं.-2589मि. रकबा-0.903 हेक्टेयर (2.2318 एकड़) को 'प्रेम कुमारी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज' (Prem Kumari College of Medical Sciences) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार चौधरी को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव-5-** श्री राम अनुराग वर्मा, न्यासी ने प्रस्तावित 'प्रेम कुमारी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज' (Prem Kumari College of Medical Sciences) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार चौधरी को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

**अनुमोदन-** उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार चौधरी को प्रस्तावित 'प्रेम कुमारी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज' (Prem Kumari College of Medical Sciences) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित 'प्रेम कुमारी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज' (Prem Kumari College of Medical Sciences) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।